# A

**20213** **120 MINUTES**

1. स्वयंभू का 'पउमचरिउ' किस छन्द में है?
   A) दोहा B) सोरठा C) गाहा D) पद्धडिया

2. इनमें से कौन-सी भाषा वियोगात्मक है?
   A) पालि B) अपभ्रंश C) प्राकृत D) संस्कृत

3. ''लोग हैं लागि कवित्त बनावत
   मोहिं तौ मेरो कवित्त बनावत'' - किस कवि की पंक्ति है?
   A) आलम B) ठाकुर C) सेनापति D) घनानन्द

4. संस्कृत के प्रकांड पंडित, आचार्य केशव का आचार्यत्व उनके किस रीति निरूपण ग्रन्थ के कारण है?
   A) रामचन्द्रिका B) रसिकप्रिया
   C) कवि प्रिया D) कविप्रिया और रसिकप्रिया दोनों

5. ''मैं हिन्दुस्तान की तूती हूँ, अगर तुम वास्तव में मुझसे कुछ पूछना चाहते हो तो हिंदवी में पूछो'' - इस अर्थवाले वाक्य किसने कहा था?
   A) विद्यापति B) रोडा C) चन्दबरदाई D) अमीर खुसरो

6. नाभादास किस कृति में तुलसीदास को ''कलिकाल का वाल्मीकि'' कहा था?
   A) भक्ति दीपिका B) भक्तमाल
   C) रामचरितमानस D) नवभक्तमाल

7. कौन-सा दार्शनिक चिंतक 'प्रच्छन्न बौद्ध' के नाम से जना जाता है?
   A) रामानंद B) रामानुज C) महावीर D) शंकराचार्य

8. कबीरवाणी को 'बीजक' के रूप में संकलित करने का श्रेय किसको है?
   A) धर्मदास B) सुन्दरदास C) अनन्तदास D) नाभादास

9. प्रेमाख्यान परंपरा का प्रथम ग्रन्थ किसे माना जाता है
   A) चंदायन B) हंसावली C) सत्यवतीकथा D) मृगावती

10. निंबार्काचार्य द्वारा स्थापित निंबार्क संप्रदाय के दार्शनिक मत को क्या कहलाता है?
    A) शुद्धाद्वैत B) विशिष्टाद्वैत C) अद्वैत D) द्वैताद्वैत

11. बिहारी की कविता को 'शक्कर की रोटी' किस आलोचक ने कहा?

A) नंद दुलारे वाजपेय B) डॉ.देवराज

C) पद्मसिंह शर्मा D) रामचन्द्र शुक्ल

12. 'उदयभान चरित' किस रचना का दूसरा नाम है?

A) सुखसागर B) रानी केतकी की कहानी

C) प्रेम सागर D) प्रेम सरोवर

13. "हमारे मत में हिन्दी और उर्दू दो बोली न्यारी-न्यारी है" - यह कथन किसका है?

A) राजा लक्ष्मण सिंह B) केशवचन्द्र सेन

C) शिवप्रसाद सिनारेहिंद D) भारतेन्दु

14. 'नवभक्तमाल' किसकी रचना है?

A) गोकुल नाथ B) नाभा दास

C) राधाचरण गोस्वामी D) प्रेमघन

15. सहज कविता आन्दोलन के प्रवर्तक हैं-

A) रवीन्द्र भ्रमर B) विश्वनाथ त्रिपाठी

C) रामदरश मिश्र D) जगदीश चतुर्वेदी

16. 'सरस्वती पत्रिका' का प्रथम संपादक कौन थे?

A) महावीर प्रसाद द्विवेदी B) रामचन्द्र शुक्ल

C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) श्याम सुंदर दास

17. भक्तिकाल को किसने 'सूफी युग' कहा है?

A) ग्रियर्सन B) राहुल सांकृत्यायन

C) रामचन्द्र शुक्ल D) डॉ.नगेन्द्र

18. आदिकाल में खडीबोली का प्रयोग किस कवि ने किया था?

A) स्वयंभू B) विद्यापति C) अमीर खुसरो D) चन्दबरदाई

19. ग्रियर्सन द्वारा लिखित 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' किस भाषा में लिखा गया है

A) फ्रेंच B) अंग्रेज़ी C) जर्मन D) हिन्दी

20. प्रकाशनवर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है

A) भरतेश्वर बाहुबली रास, श्रावकाचार, चंदनबाला रास, रेवंतगिरि रास

B) रवंतगिरि रास, श्रावकाचार, भरतेश्वर बाहुबली रास, चंदनबाला रास

C) चंदनबाला रास, भरतेश्वर बाहुबली रास, रेवंतगिरि रास, श्रावकाचार

D) श्रावकाचार, भरतेश्वर बाहुबली रास, चंदनबाला रास, रेवंतगिरि रास

21. इन में कौन-सा युग्म संगत है?

A) श्रावकाचार - जिन धर्म सूरी

B) नेमिनाथ रास - सुमति गणि

C) स्थूलि भद्र रास - देवसेन

D) चंदनबाला रास - जिनविजय

22. रीतिकाव्य के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

A) काव्य का मूलाधर श्रृंगारिकता है?

B) काव्य दरबारी संस्कृति से प्रभावित है।

C) कला वासना पूर्ति की माध्यम थी।

D) कला में सामाजिक चेतना की अभिव्यक्ति मिलती है।

23. कालक्रम की दृष्टि से अपभ्रंश साहित्य से संबंधित कवियों का सही कालानुक्रम क्या है?

A) स्वयंभू, पुष्पदन्त, धनपाल  B) धनपाल, पुष्पदन्त, स्वयंभू

C) स्वयंभू, धनपाल, पुष्पदन्त  D) पुष्पदन्त, स्वयंभू, धनपाल

24. 'कस्तूरी कुण्डल बसे' - किसकी आत्मकथा है?

A) मन्नू भण्डारी  B) ममता कालिया

C) मैत्रेयी पुष्पा  D) उषा प्रियंवदा

25. "अनुकरण सत्य से तिगुना दूर है"- यह किसका कथन है?

A) सुकरात  B) प्लेटो  C) लोंजाइनस  D) अरस्तु

26. 'कथा सतीसर' और 'यहाँ वितस्ता बहती है' किसकी रचनायें हैं?

A) प्रभा खेतान  B) शैलेष मटियानी

C) चन्द्रकांता  D) शशि प्रभा शास्त्री

27. 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्', 'मेघदूत', तथा 'रघुवंश' का हिन्दी अनुवाद इनमें किसने किया था?

A) शिवप्रसाद सिंह  B) सदल मिश्र

C) अंबिकादत्त व्यास  D) लक्ष्मण सिंह

28. गोल्ड स्मिथ द्वारा रचित 'हरमिट' का 'एकान्तवासी योगी' नाम से हिन्दी में काव्यानुवाद किसने की थी?

A) गयाप्रसाद स्नेही  B) महावीरप्रसाद द्विवेदी

C) श्रीधर पाठक  D) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध

29. “प्रेमचन्द शताब्दियों से पद दलित, अपमानित और उपेक्षित कृषकों की आवाज़ थे।” प्रेमचन्द के बारे में यह कथन किसका है?

A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल B) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

C) डॉ.नगेन्द्र D) डॉ.रामविलास शर्मा

30. निम्नलिखित नाटककारों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए।

क) लक्ष्मी नारायण मिश्र 1. अशोक

ख) चन्द्रगुप्त विद्यालंकार 2. रक्षाबंधन

ग) गोविन्द वल्लभ पंत 3. सन्यासी

घ) हरिकृष्ण प्रेमी 4. अंगूर की बेटी

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

31. दूहा (दोहा) मूलतः किस भाषा का छन्द था?

A) हिन्दी B) प्राकृत C) पालि D) अपभ्रंश

32. दार्शनिक दृष्टि से किसे द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद कहा जाता है?

A) अस्तित्ववाद B) पूँजीवाद C) मार्क्सवाद D) समाजवाद

33. नवीन शोधों के अनुसार माधव प्रसाद सप्रे रचित इस कहानी को हिंदी की प्रथम कहानी मानी जाती है-

A) ग्यारह वर्ष का समय B) एक टोकरी भर मिट्टी

C) दुलाईवाली D) परीक्षा गुरु

34. काव्य शास्त्र में ‘आत्मा’ शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया था?

A) वामन B) दण्डी C) कुंतक D) भरत

35. रचनाकारों और रचनाओं का असंगत अनुक्रम बताइए-

| सूची (क) | | सूची (ख) |
|---|---|---|
| 1) भगवतीचरण वर्मा | - | चंगेज खां |
| 2) विष्णु प्रभाकर | - | प्रकाश और परछाई |
| 3) लक्ष्मी नारायण लाल | - | दूसरा दरवाज़ा |
| 4) धर्मवीर भारती | - | वाणी मंदिर |

A) 3 और 4 B) 1 और 4 C) 2 और 3 D) 2 और 4

36. "परमात्मा की छाया आत्मा में पडने लगती है और आत्मा की छाया परमात्मा में, यही छायावाद है" - यह परिभाषा किसने दी है?

A) महादेवी वर्मा B) जयशंकर प्रसाद

C) रामचन्द्र शुक्ल D) डॉ. रामकुमार वर्मा

37. 'आज का हिन्दी उपन्यास' इनमें से किसकी रचना है?

A) डॉ. रामदरश मिश्र B) डॉ. त्रिभुवन सिंह

C) डॉ.इन्द्रनाथ मदान D) डॉ.नामवर सिंह

38. सुमेलित कीजिए

क) काव्यप्रकाश 1. मम्मट

ख) ध्वन्यालोक 2. भामह

ग) काव्यालंकार 3. हेमचन्द्र

घ) काव्यानुशासन 4. आनन्दवद्र्धन

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

39. (क) स्थापना : श्रद्धा का कारण निर्दिष्ट और ज्ञात होता है।

(ख) तर्क : क्योंकि श्रद्धा में दृष्टि पहले कर्मों पर से होती हुई श्रद्धेय तक पहूँचती है।

A) (क) सही है और (ख) गलत B) (क) और (ख) दोनों सही

C) (क) गलत और (ख) सही D) (क) और (ख) दोनों गलत

40. 'उत्तर संरचनावाद' का जन्म कहां हुआ?

A) रूस B) जर्मनी C) अमरिका D) फ्रांस

41. "काली घटा का घमंड घटा" - इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

A) यमक B) श्लेष C) वक्रोक्ति D) उपमा

42. इनमें तालव्य ध्वनि नहीं है-

A) च B) झ C) ग D) श

43. समुद्र, समुन्दर बन जाने पर ध्वनि परिवर्तन का कौन-सा भेद व्यक्त होता है?

A) आदि व्यंजनागम B) मध्य व्यंजनागम

C) अंत व्यंजनागम D) मध्य अक्षरागम

44. उच्चारण की दृष्टि से भाषा की लघुतम इकाई है?

A) शब्द B) स्वर C) वर्ण D) ध्वनि

45. गवेषण शब्द में अर्थ परिवर्तन की कौन-सी दिशा है?

A) अर्थ लोप B) अर्थ संकोच C) अर्थ विस्तार D) अर्थादेश

46. सचेतन कहानी आन्दोलन से संबन्धित है?

A) मार्कण्डेय B) कमलेश्वर C) मोहन राकेश D) महीप सिंह

47. भुक्तिवाद या भोगवाद के संस्थापक हैं-

A) भट्ट लोलट B) शंकुक C) भट्ट नायक D) भट्ट केदार

48. (क) स्थापना - सन्, 1952 में नई कविता के साथ ही नई कहानी का भी सूत्रपात हुआ था।

(ख) कारण - नये कहानीकारों ने स्वातंत्र्योत्तर भारतीय जीवन के यथार्थ को अपने शहरी और ग्रामीण परिवेशगत अनुभवों के माध्यम से स्थापित किया।

A) (क) और (ख) दोनों सही B) (क) गलत (ख) सही

C) (क) सही और (ख) गलत D) (क) और (ख) दोनों गलत

49. पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है -

A) बांगरू B) बुंदेली C) खडीबोली D) मगही

50. निम्नलिखित में से अवधी भाषा का प्राचीनतम कृति कौन-सी है?

A) चंदायन B) रामचरितमानस

C) कृष्ण गीतावली D) पद्मावत

51. राजभाषा आयोग का गठन किस वर्ष किया गया था?

A) 1960 ई. B) 1958 ई. C) 1976 ई. D) 1955 ई.

52. राजभाषा अधिनियम के अनुसार इन में से 'ख' श्रेणी के अन्तर्गत कौन-सा राज्य सम्मिलित नहीं है?

A) हिमाचल प्रदेश B) पंजाब C) गुजरात D) महाराष्ट्र

53. ''अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणालीन। अधम व्यंजना रस विरस उलट कहत नवीन।'' किसकी पंक्ति है?

A) बिहारी B) देव C) पद्माकर D) मतिराम

54. ‘भंडा फोडना’ मुहावरे का अर्थ क्या है?
A) मटका फोडना B) भंडार खोलना
C) भेद खुलना D) सिर फोडना

55. निरोग शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
A) नि B) निः C) नी D) निर

56. स्वागत शब्द का सन्धि विच्छेद क्या है?
A) स्व + आगत B) स्वा + आगत
C) स्व् + आगत D) सु + आगत

57. इनमें तद्भव शब्द नहीं है-
A) दूध B) हाथ C) सम्मान D) सपना

58. हरिवंश राय बच्चन के कवि जीवन में कौन-सी प्रवृत्ति उभरती है?
A) निराशावाद B) भोगवाद
C) हालावाद D) उपर्युक्त तीनों वाद

59. ‘कडकी में आटा गीला होना’ मुहावरे से क्या तात्पर्य है?
A) विपत्ति पर विपत्ति आना B) विपत्ति नहीं भोगना
C) कष्ट उठाना D) गरीब का आटा गोला हो जाना

60. “नन्द बौद्ध धर्म में दीक्षित होकर मुण्डित मस्तक लेकर जब घर आता है, तब सुन्दरी का अहं चूर-चूर हो जाता है” - यह कथन किस नाटक के संदर्भ में है?
A) चन्द्रगुप्त B) आषाढ का एक दिन
C) लहरों के राजहंस D) आधे-अधूरे।

61. निम्नलिखित में कौन-सा गलत है?
A) ‘शिरीष का आग्रह’ विद्यानिवास मिश्र जी का भावात्मक निबंध है।
B) ‘हिन्दी बनाम राजनीति’ विद्यानिवास मिश्रजी का विचारात्मक निबंध है।
C) ‘गन्धमादन’ विद्यानिवास मिश्रजी का निबंध संग्रह है।
D) ‘प्रभुत्व ज्वर अस्पताल में’ विद्यानिवास मिश्रजी ने नेताओं पर व्यंग्य किया है

62. “इस पुस्तक में मेरी अन्तर्यात्रा में पडनेवाले कुछ प्रदेश है। यात्रा के लिए निकलती रही है, बुद्धि पर हृदय को भी साथ लेकर।” यह किस निबन्ध संग्रह की पंक्तियाँ हैं?
A) चिन्तामणि B) वन्देवाणी विनायको
C) सिद्धान्त और अध्ययन D) मणिमाला

63. सही कालानुक्रम ज्ञात कीजिए-

A) चाँद का मुँह टेढा है - नीहार - आँगन के पार द्वार - भूरी-भूरी खाक धूलि

B) नीहार - आँगन के पार द्वार -चाँद का मुँह टेढा है - भूरी-भूरी खाक धूलि

C) भूरी-भूरी खाक धूलि - नीहार - चाँद का मुँह टेढा है -आँगन के पार द्वार

D) आँगन के पार द्वार -- भूरी-भूरी खाक धूलि - नीहार - चाँद का मुँह टेढा है

64. बरवै छन्द में मात्राओं की संख्या होती है -

A) विषम चरणों में 11 और समचरणों में 7 मात्राएँ

B) विषम चरणों में 14 और समचरणों में 7 मात्राएँ

C) विषम चरणों में 12 और समचरणों में 8 मात्राएँ

D) विषम चरणों में 12 और समचरणों में 7 मात्राएँ

65. जब एक वस्तु की दूसरी वस्तु में संभावना व्यक्त की जाए, तो उसे कहलाता है -

A) रूपक B) संदेह C) उत्प्रेक्षा D) भ्रांतिमान

66. वसन्त तिलक में मात्राओं की संख्या होती है -

A) प्रत्येक चरण में 14-14 मात्राएँ B) प्रत्येक चरण में 13-11 मात्राएँ

C) प्रत्येक चरण में 12-12 मात्राएँ D) प्रत्येक चरण में 11-13 मात्राएँ

67. जहाँ एक उपमेय के लिए अनेक उपमान प्रस्तुत किए जाते हैं तो कहलाता है-

A) यमक B) श्लेष C) मालोपमा D) विरोधाभास

68. प्रथम सरस्वती सम्मान 1991 में किसे प्राप्त हुआ था?

A) केदारनाथ सिंह B) हरिवंशराय बच्चन

C) रमाकांत रूप D) कुंवर नारायण

69. पत्रिकाओं और संपादकों के नामों को सुमेलित कीजिए-

(क) सुधा 1. बनारसीदास चतुर्वेदी

(ख) कल्पना 2. निराला

(ग) अखबारे चुनार 3. बदरीविशाल पित्ती

(घ) विशाल भारत 4. बालुमुकुन्द गुप्त

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

70. असंगत अनुक्रम बताइए

| | रचना | | रचयिता |
|---|---|---|---|
| 1. | छन्द विचार | - | चिन्तामणि |
| 2. | शिवराज भूषण | - | भूषण |
| 3. | काव्य प्रकाश | - | मतिराम |
| 4. | रसमंजरी | - | धनानन्द |

A) 1 और 2 B) 2 और 4 C) 3 और 4 D) 1 और 3

71. काव्य दोष की परिभाषा इनमें से सब से पहले किसने दी थी?

A) वामन B) दण्डी C) भामह D) आनन्द वर्धन

72. इन में से कौन-सा भाव अनुभाव का एक भेद है?

A) निर्वेद B) व्रीडा C) उन्माद D) आहार्य

73. दक्खिनी हिन्दी की प्रेमाख्यानक काव्य परंपरा में सबसे पहला काव्य 'कदमराव और पदम' माना जाता है। इस ग्रन्थ के रचयिता है?

A) मुल्ला दाउद B) नूर मुहम्मद C) निजामी D) गवासी

74. निम्नलिखित में किस भाषा को संविधान की अष्टम सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है?

A) डोगरी B) मणिपुरी C) नेपाली D) छत्तीसगढी

75. स्थापना (क) : प्रतीक अमूर्त का मूर्तीकरण है, जिसमें अदृश्य सार तत्व की अभिव्यक्ति होती है।

तर्क (ख) : क्योंकि जब किसी वस्तु का कोई एक भाग गोचर हो और फिर आगे उस वस्तु का ज्ञान हो, तब उस भाग को प्रतीक कहते हैं।

A) (क) गलत और (ख) सही। B) (क) और (ख) दोनों सही।
C) (क) सही और (ख) गलत। D) (क) और (ख) दोनों गलत।

76. प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम है-

A) त्यागपत्र, नदी के द्वीप, मेरी तेरी उसकी बात, खंजन नयन
B) नदी के द्वीप, त्यागपत्र, मेरी तेरी उसकी बात, खंजन नयन
C) खंजन नयन, त्यागपत्र, नदी के द्वीप, मेरी तेरी उसकी बात
D) मेरी तेरी उसकी बात, त्यागपत्र, खंजन नयन, नदी के द्वीप

77. कश्मीरी शैव प्रत्यभिज्ञा दर्शन के आनन्दवाद की स्थापना छायावाद के किस काव्य द्वारा की गई है?

A) आँसू B) झरना C) लोकायतन D) कामायनी

78. ''निज भाषा बोलहु लिखहु पढहु गुनहु सब लोग
करहू सकल विषयन विषै निज भाषा उपजोग।'' - ये किसकी पंक्तियाँ हैं?

A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र B) श्रीधर पाठक
C) नाथू राम शंकर D) महावीर प्रसाद द्विवेदी।

79. इनमें कौन तार-सप्तक का कवि नहीं है?

A) भारतभूषण अग्रवाल B) शमशेर बहादुर सिंह
C) रामविलास शर्मा D) गजानन माघव मुक्तिबोध

80. सुमेलित कीजिए

क) बसो मोरे नैनन में नन्दलाल - 1. नानक देव
ख) प्रभुजी मोरे औगुण चित्त न धरो - 2. कबीर
ग) अब लौ नसानी अब न नसै हौं - 3. सूरदास
घ) अब्बल अल्लह नूर उपाया कुदरत के सब बन्दे - 4. मीराबाई

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

81. अरस्तू ने किस सिद्धाँत का वर्णन-विश्लेषण किया था?

A) मूल्य सिद्धाँत B) संप्रेषण सिद्धाँत
C) निर्वैयक्तिकता सिद्धाँत D) विरेचन सिद्धाँत

82. कालरिज का कल्पना सिद्धाँत सर्वाधिक प्रभावित है?

A) शेली से B) वड्र्सवर्थ से C) काण्ट से D) गेटे से।

83. ''ये अंखियाँ बिनु काजर कारी'' में कौन-सा अलंकार है?

A) रूपक B) असंगति C) विभावना D) श्लेष

84. ''चारु चन्द्र की चंचल किरणें
खेल रहीं है जल थल में '' - यहाँ कौन सा अलंकार है?

A) वृत्यनुप्रास B) लाटानुप्रास C) छेकानुप्रास D) ऋत्यनुप्रास

85. "पूरी अमी की कटोरिया सी, चिरजीवौ विक्टोरिया रानी" - इस समस्या पूर्ति पर किसे सुकवि की उपाधि मिली?

A) राधाकृष्ण दास B) राजा लक्ष्मण सिंह

C) अंबिका दत्त D) बदरीनारायण चौधरी प्रेमघन

86. मुक्तिबोध की कविता 'अन्धेरे में' का प्रकाशन सबसे पहले 'आशंका के दीप अंधेरे में' नाम से किस पत्रिका में हुआ था?

A) हंस B) सरस्वती C) प्रभा D) कल्पना

87. डॉ.देवराज कृत 'अजय की डायरी' किस विधा की रचना है

A) साहित्यिक डायरी B) उपन्यास

C) आलोचना D) निबन्ध

88. छान्दोग्य उपनिषद पर आधारित उपन्यास कौन-सा है?

A) बाणभट्ट की आत्मकथा B) पुनर्नवा

C) चारुचन्द्रलेख D) अनामदास का पोथा

89. 'आधुनिक हिन्दी आलोचना के बीज शब्द' किसकी कृति है?

A) बच्चनसिंह B) मुक्तिबोध C) डॉ.नगेन्द्र D) नामवर सिंह

90. कवियों को उनके काव्यसंग्रहों से सुमेलित कीजिए-

क) ओमप्रकाश वाल्मीकि 1. गूँगा नहीं था मैं

ख) जयप्रकाश कर्दम 2. सर्दियों का संताप

ग) सुशीला टाक भौरे 3. सवालों के सूरज

घ) पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी 4. स्वाति बूँद और खारे मोती

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

91. 'झोंपडी से राजभवन तक' किसकी रचना है?

A) मोहनदास नैमिशराय B) माता प्रसाद

C) डॉ.भगवानदास D) रमणिका गुप्ता

92. प्लेटो की रचना नहीं है-

A) रिपब्लिक B) पोलितेइया C) पेरिपोईतिकेस D) इओन

93. ‘लिरिकल बैलड्स’ किसका काव्य संग्रह है?

A) अरस्तु B) लोंगिनुस C) इलियट D) वड्र्सवर्थ

94. ‘‘काव्य जीवन की आलोचना है’’- ऐसा मानते हैं-

A) मैथ्यू अर्नाल्ड B) टी.एस.इलियट

C) कीट्स D) सार्त्र

95. क्रोचे के ‘अभिव्यंजना सिद्धाँत’ को किस भारतीय आचार्य के सिद्धाँत से जोडा जाता है-

A) वामन B) कुन्तक C) क्षेमेन्द्र D) मम्मट

96. वस्तुनिष्ठ समीकरण सिद्धाँत के प्रवर्तक है-

A) जॉन ड्राइडन B) मौथ्यू आर्नल्ड

C) आई.ए.रिचर्डस D) टी.एस.इलियट

97. ‘‘बूँद समानी समुद्र में सो कत हेरी जाय’’ से क्या तात्पर्य है?

A) समुद्र में समाकर बूंद अस्तित्वविलीन हो जाती है

B) जीवात्मा परमात्मा का अंश है

C) जीवात्मा जब परमात्मा से एकाकार हो जाती है तो उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है।

D) समुद्र का पानी बूंद बूंद होकर अस्तित्व नष्ट कर देता है।

98. निम्नलिखित लेखिकाओं को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए-

| | | |
|---|---|---|
| क) ममता कालिया | 1. | एक ज़मीन अपनी |
| ख) नासिरा शर्मा | 2. | शेष कांदबरी |
| ग) चित्रा मुदगल | 3. | ज़िन्दा मुहावरे |
| घ) अलका सरावगी | 4. | एक पति के नोट्स |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

99. स्थापना (क): फ्रायड के अनुसार कला और धर्म, दोनों का उद्‌भव अचेतन मानस की संचित प्रेरणाओं और इच्छाओं में होता है। इस कामशक्ति के उन्नयन के फलस्वरूप कलाकार सर्जन करता है।

तर्क (ख): क्योंकि अवचेतन मानस में कामशक्ति के उन्नयन के फलस्वरूप कलाकार सर्जन करता है।

A) (क) और (ख) दोनों सही B) (क) और (ख) दोनों गलत

C) (क) सही और (ख) गलत D) (क) गलत और (ख) सही

100. किस रासो ग्रन्थ की कथा का वर्णन शुक और शुकी के द्वारा किया गया है?
A) खुमाण रासो B) बीसलदेव रासो
C) पृथ्वीराज रासो D) परमाल रासो

101. संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव कब पारित किया?
A) 14 सितंबर 1948 B) 14 सितंबर 1949
C) 14 सितंबर 1947 D) 14 सितंबर 1950

102. प्रेमचन्द की कहानियों का संग्रह 'मानसरोवर' कितने भागों में संकलित हैं?
A) 5 B) 7 C) 10 D) 8

103. 'सदी का सबसे बडा आदमी' का लेखक कौन है?
A) निर्मलवर्मा B) मोहन राकेश
C) काशी नाथ सिंह D) अमरकांत

104. भारतेंदु को आधुनिक हिंदी का मसीहा किसने कहा ?
A) शुक्लजी B) हरिऔधजी C) नगेन्द्रजी D) द्विवेदीजी

105. 'आन्टी नोवल' आंदोलन किस देश में शुरू हुआ ?
A) .जर्मनी B) इटली C) .फ्रान्स D) अमेरिका

106. 'दिल्ली में उनींदें' किसका गद्य संकलन है ?
A) गगन गिल B) कुसुम अंसल C) मृदुलागर्ग D) प्रभा खेतान

107. 'स्त्री विमर्श का कलापक्ष' किसकी आलोचना है ?
A) मधु धवन B) गगन गिल C) राजी सेठ D) अनामिका

108. ''दीदी की याद में'' किसका संस्मरण है ?
A) कृष्णा सोबती B) मृणाल पाण्डेय
C) मृदुला गर्ग D) रजनी पणिक्कर

109. ''दरख्तों के पार शाम'' किसका यात्रावृत्त है ?
A) गोविंद मिश्र B) निर्मल वर्मा C) भीष्म साहनी D) राजेन्द्र यादव

110. गुण संधि का उदाहरण कौन सा है ?
A) विद्यालय B) देवेन्द्र C) सदैव D) रवीन्द्र

111. बहुव्रीही समास का उदाहरण कौन सा है ?

A) देवासुर B) दशानन C) मनसिज D) मारपीट

112 .छायावाद केलिए मधुचर्या नाम किसने प्रयुक्त किया ?

A) शुक्लजी B) नगेन्द्र C) गणपतिचंद्र गुप्त D) रामकुमार वर्मा

113. इनमें से भगवानदास मोरवाल का उपन्यास कौन सा है ?

A) बीच का समय B) बावल तेरा देश में

C) कैसी आग लगाई D) प्रेम न बाडी उपजे

114. किस इतिहास ग्रंथ में बताया गया है कि शालिभद्र सूरी हिन्दी का प्रथम कवि है ?

A) मिश्रबंधु विनोद

B) हिन्दी साहित्य का इतिहास

C) हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास

D) हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास

115. इनमें से विष्णु प्रभाकर कृत एकांकी कौन सा है?

A) मैं तुम्हें क्षमा नहीं करूँगा B) पलायन

C) रोशनी शेष है D) लहर लौट गयी

116. कबीर के जीवन पर आधारित 'काशी का जुलाहा" किसका नाटक है ?

A) भीष्म साहनी B) महावीर अग्रवाल

C) नरेंद्र मोहन D) मणि मधुकर

117. 'दशानन' शब्द में कौन सा समास है ?

A) तत्पुरुष B) बहुव्रीही C) द्वन्द्व D) अव्ययीभाव

118. लडकियाँ <u>स्कूल से</u> लौट रही हैं–रेखांकित शब्द का कारक कौन सा है ?

A) कर्म कारक B) संप्रदान कारक C) करण कारक D) अपादान कारक

119. "आज की कविता बहुत कुछ बोलती है , जब कि कविता का काम बोलना है ही नहीं"
यह किस सप्तक की भूमिका का कथन है?

A) तार सप्तक B) दूसरा सप्तक C) तीसरा सप्तक D) चौथा सप्तक

120. अर्थ परिवर्तन की तीन दिशाओं के बारे में सबसे पहले विचार करनेवाला विद्वान कौन है?

A) सस्यूर B) ग्लीसन C) हैरिस D) ब्रील